04/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

विदेशमंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने भारत और चीन के बीच बेहतर संबंधों को बढ़ाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता के महत्व पर बल दिया है। चीन के साथ भारत के संबंधों पर आज राज्यसभा को संबोधित करते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच चर्चा तनाव कम करने और प्रभावी सीमा प्रबंधन पर केंद्रित होगी।उन्होंने सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि साजो-सामान संबंधी चुनौतियों और कोविड की स्थिति के बावजूद, भारत तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी तैनाती करने में सक्षम था। उन्होंने कहा कि भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को हल करने के लिए कई दशकों से बातचीत की है।सीमा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर सरकार की प्रतिबद्धताओं पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि लद्दाख में सड़कों, हवाई क्षेत्रों और अन्य रसद सुविधाओं के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इससे सशस्त्र बलों की क्षमताओं में वृद्धि हुई है।

0000000000000000000

लोकसभा में आज रेलवे (संशोधन) विधेयक- 2024 को विचार और पारित करने के लिए लाया गया। विधेयक का उद्देश्य रेलवे बोर्ड को वैधानिक शक्तियां प्रदान करना और निकाय की कार्यप्रणाली और स्वतंत्रता को बढ़ाना है। विधेयक को आगे बढ़ाते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य रेलवे क्षेत्र में और अधिक दक्षता लाना है।

उन्होंने कहा कि दस साल पहले रेलवे का बजट करीब 29 हजार करोड़ रुपये था और अब दो लाख 52 हजार करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 44 हजार किलोमीटर रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया गया।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल के. टी. परनाइक ने पोदी बरबी के अवसर पर राज्यवासियों खासतौर पर आदी समुदाय के रामो, पाइ लिबो और बोकर को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। उन्होने आशा व्यक्त की कि यह पर्व समाज में खुशहाली, अच्छी फ़सल और समृद्धि लाएगा। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि त्योहार हमारी विरासत के महत्वपूर्ण वाहक के रूप में काम करते है, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित और बढ़ावा देते है। उन्होने कहा कि पीढियों से चली आ रही ये कालातीत परम्पराएं हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता और विरासत का प्रमाण है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उड़ान योजना के तहत एलायंस एयर की नई उड़ान क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करेगी और पर्यटन तथा जीरों वैली के विकास को बढ़ावा देगी। एलायंस एयर आज से गुवाहाटी से जीरो के लिए प्रति सप्ताह दो उड़ाने संचालित कर रही है। घरेलू वाहक सोमवार और बुधवार को उड़ाने संचालित करेगा।

00000000000000000000

राज्य के कृषि एवं बागवानी मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कल नई दिल्ली में राज्य की कृषि और बागवानी नीति पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। अन्र्स्ट एंड यंग एल एल पी के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के सहयोग से आयोजित बैठक में राज्य की अनूठी चुनौतियों और अवसरों को संबोधित करने के लिए नीति को परिष्कृत करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। अपने संबोधन में श्री वांगसू ने किसानों और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए कौशल विकास को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में क्षमता निर्माण, ब्रांडिंग, विपणन और किसानो के बीच उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए “हॉर्टिप्रेन्योर” कार्यक्रम शुरु करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000

परिवहन एवं आर डी मंत्री ओजिंग तासिंग ने कल पासीघाट के गिदी नोटको में चौबीसवें अखिल अरुणाचल प्रदेश सार्वजनिक परिवहन स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए श्री तासिंग ने राज्य की परिवहन सेवाओं में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की, जो लोगों और वस्तुओं तथा अन्य सेवाओं के लिए जीवन रेखा के रुप में काम करती है और राज्य तथा पूरे देश के समग्र सामाजिक - आर्थिक विकास में योगदान देती है। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति ने सभी AAPPTF सदस्यों के लिए सड़क सुरक्षा जागरुकता और यातायात सुरक्षा पर प्रदर्शन आयोजित किया और पैम्प्लेट वितरित किए।

0000000000000000000

ईटानगर के महिला पुलिस स्टेशन में स्थित आने होम ने आज महिलाओं और बच्चों के लिए ओरिएंटेशन मॉड्यूल शुरु किया। “महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन का अंत” विषय पर आधारित ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान और राजधानी पुलिस के सहयोग से संयुक्त रुप से किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में स्कूली बच्चों, पंचायती राज प्रतिनिधियों और पापुम पारे क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। यह पहल बाल विवाह और बाल शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों से निपटने के लिए उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप है।

0000000000000000000

समावेश और सशक्तिकरण की भावना के साथ दीपक नाबम लिविंग होम ने कल ईटानगर में अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया। कार्यक्रम में ईटानगर नगर निगम के मेयर तामे फासांग ने समावेशी समाज के निर्माण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जीवन के सभी पहलुओं में विकलांग व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी में बाधा डालने वाली शारीरिक और सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों में पहुंच में सुधार, विकलांग व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही पहलों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान मेयर ने समावेशी नीतियों के कार्यान्वयन में तेजी लाने का संकल्प भी लिया और स्थानीय प्रतिनिधियों, मंत्रियों, विधायको, व्यवसायों और संगठनों से समावेशिता को बढ़ावा देने में अपनीं भूमिका निभाने का आह्वान किया।